प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
04.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

'' मुख्य समाचार''

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–महिलाओं का अपमान करना बन चुकी है कांग्रेस की आदत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना के कुटलैहड़ से शुरू किया चुनाव प्रचार अभियान–कांग्रेस के बागियों पर साधा निशाना।
- हिमाचल दिवस का राज्यस्तरीय समारोह 15 अप्रैल को शिमला के रिज मैदान पर–राज्यपाल करेंगे अध्यक्षता।
- सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिंकुला दर्रा यातायात के लिए बहाल–अब मनाली से सड़क मार्ग से पहुंच सकेंगे लेह।

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना व प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि देश की आधी आबादी यानी महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस की आदत बन चुकी है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज बेंगलूरू में एक संवाददाता सम्मेलन में भाजपा सांसद व प्रत्याशी हेमामालिनी पर कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला द्वारा की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस का चाल व चरित्र महिला विरोधी है। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता आए दिन महिलाओं का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की माताएं और बहनें इसके लिए कांग्रेस को सबक सिखाएंगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आज कांग्रेस राहुल, सोनिया, वाड्रा और प्रियंका की पार्टी बनकर रह गई जबकि दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी मेकर ऑफ डेवलपड इंडिया है। इससे पूर्व अनुराग सिंह ठाकुर बेंगलुरू साउथ से भाजपा प्रत्याशी तेजस्वी सूर्या के नामाकंन में शामिल हुए और उनके पक्ष में रोड़ शो भी किया। उन्होंने तेजस्वी सूर्या की रिकॉर्ड जीत का दावा किया। उन्होंने बेंगलुरू में आईटी प्रोफेशनल्स की सभा को भी संबोधित किया।

कंगना रनौत

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने कहा है कि कांग्रेस की करतुतों की वजह से देश का नाम पूरी दुनिया में खराब हुआ है। मंडी में भाजपा मंडल मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंगना रणौत ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन काल में विकास से ज्यादा भ्रष्टाचार किया और गरीबों के उत्थान के लिए कार्य करने के बजाय अपने चहेतों का विकास करवाया। इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधान सेवक के रूप में कार्य किया और आज भारत विश्व गुरू बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि आज देश को फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जरूरत है जो कि समाज के हर वर्ग के लिए कार्य कर रहे हैं।

कंगना ने पार्टी कार्यकर्ताओं से उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए अभी से जी जान से जुट जाने की अपील की।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को बाहरी बताने वाले कांग्रेस नेताओं पर जवाबी हमला बोला है। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं खास कर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से पूछा कि कंगना को बाहरी बताने वाली कांग्रेस राज्यसभा प्रत्याशी कहां से लाए थे। उन्होंने कहा कि कंगना हिमाचल की बेटी है और मंडी जिला की मूल निवासी है। उन्होंने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को भी सोच समझ कर बोलने की सलाह दी। जयराम ठाकुर ने कहा कि कंगना ने मायानगरी में जो नाम कमाया है वह हर किसी के लिए संभव नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा को प्रदेश में किसी भी प्रकार के ऑपरेशन लोटस की जरूरत नहीं है। कांग्रेस नेता अपनी सरकार और पार्टी से दुखी होकर खुद ही भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने आज ऊना जिला के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के बंगाणा के समूर कलां में एक जनसभा को संबोधित करते हुए चुनाव प्रचार की विधिवत शुरूआत की। सुक्खू ने इस मौके पर कांग्रेस के 6 बागी पूर्व विधायकों पर सीधा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार पूर्ण बहुमत में है और पूरे पांच साल चलेगी। मुख्यमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को सलाह दी कि वे अपने विधायकों को बिकने से बचाए। क्योंकि वह किसी भी मंडी में बिक सकते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भले ही पैसे नहीं है लेकिन ईमानदारी, नैतिकता और जनता के हौंसले का बल है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के 6 बागी विधायक और तीन निर्दलीय विधायक 15–15 करोड़ रूपए में बिके है जिसका कांग्रेस के पास सबूत हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस जांच में इसकी परतें खुलना शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 14 महीने के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर दिए। इस लिए बागियों और निर्दलीयों को तकलीफ हुई। उन्होंने कहा कि पैसे लेकर विधायकी बेचने वालों को जनता सबक सिखाएगी। इस मौके पर उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और अन्य कांग्रेस नेता भी मौजूद रहे।

भाजपा

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने कहा है कि पार्टी लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है और चार सौ पार के लक्ष्य को मद्देनजर रखते हुए काम कर रही है। श्रीकांत शर्मा आज सोलन में भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने

कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा के पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप के कांग्रेस से चुनाव लड़ने की अफवाहों को निराधार बताया।

## हिमाचल दिवस

हिमाचल दिवस का राज्यस्तरीय समारोह 15 अप्रैल को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मनाया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर आज आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि कार्यक्रम में आकर्षक परेड के अलावा रगांरग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें। उन्होंने कहा कि इस दौरान हिमाचल प्रदेश पुलिस और हिमाचल होमगार्ड बैंड भी आकर्षण का केंद्र होगा। उपायुक्त ने सभी विभागों को तालमेल के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

## शिंकुला दर्रा

सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण नीमू–पदुम–दारचा सड़क को आज से यातायात के बहाल कर दिया गया है। ये सड़क चार फरवरी से भारी बर्फबारी के कारण यातायात के लिए बंद हो गई थी। सीमा सड़क संगठन ने माईनस तापमान में कड़ी मेहनत के बाद आज 16 हजार 8 सौ 50 फुट ऊंचे शिंकुला दर्रे से बर्फ हटा कर इसे वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया। इसी के साथ मनाली का जांस्कर बैली से सीधा संपर्क जुड़ गया है। बीआरओ की योजक परियोजना के मुख्य अभियंता आरके साहा ने आज शिंकुला दर्रे पर विधिवत पूजा अर्चना के बाद वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस सड़क के खुल जाने से लेह तक जाने के लिए चार से पांच घंटे की बचत होगी और दूरी भी 40 किलोमीटर कम होगी। इस बीच मनाली से बारालाचा होकर लेह जाने के लिए मुख्य सड़क से बर्फ हटाने का कार्य जारी है। ये कार्य बीआरओ की 70 आसीसी द्वारा किया जा रहा है।

## रश्मिधर सूद

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रश्मिधर सूद ने कहा है कि कांग्रेस महिला अपमान की आदि है। उन्होंने भाजपा की वरिष्ठ नेत्री व सांसद हेमा मालिनी पर कांग्रेस महासचिव सुरजेवाला द्वारा की गई टिप्पणी की निंदा की और कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं का उत्पीड़न पुरानी परम्परा है। उन्होंने इस अशोभनीय टिप्पणी के लिए कांग्रेस से सार्वजनिक माफी की मांग की। रश्मिधर सूद ने कहा कि कांग्रेस द्वारा महिलाओं पर अपमानजनक टिप्पणी करने के अनेकों मामले सार्वजनिक हो चुके हैं लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस का महिलाओं के प्रति आचरण नहीं सुधर रहा है।

त्रिलोक कपूर

प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दस वर्ष का कार्यकाल देश में ऐतिहासिक प्रगति का समय रहा है। त्रिलोक कपूर ने आज धर्मशाला में कहा कि इस अवधि में रक्षा से लेकर स्वास्थ्य, विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत ने अग्रणी भूमिका निभाई है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि दस साल के इस कार्यकाल में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इस बार प्रधानमंत्री ने और कठिन लक्ष्य रखा है और भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प लिया है। त्रिलोक कपूर ने कहा कि दुनिया इस बात को मानती है कि यदि मोदी है तो सब मुमकिन है।

डीसी कांगड़ा

कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा है कि आपदा प्रबंधन को लेकर सभी नागरिकों का जागरूक होना जरूरी है। उन्होने कहा कि वर्तमान में भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के साथ–साथ मानव निर्मित आपदाओं का खतरा बढ़ा है। उपायुक्त आज धर्मशाला में भूकंप स्मृति दिवस पर आपदा प्रबंधन को लेकर आयोजित मॉक ड्रिल के मौके पर कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है ताकि आपदा से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। लोक सम्पर्क विभाग के कलाकारों ने इस मौके पर लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूक किया।

भ्रामक संदेश

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप पर फैलाए जा रहे उस भ्रामक संदेश को फर्जी करार दिया जिसमें कहा गया है कि सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान नहीं कर सकते। एक सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग ने कहा कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पात्र अधिकारी मतदाता सुविधा केन्द्र से डाक मतपत्र के जरिये मतदान कर सकते हैं।

आयोग ने लोगों से जागरुक रहने और भ्रामक संदेशों से सतर्क रहने को कहा है। प्रामाणिक जानकारी के लिए लोगों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट देखने को कहा गया है।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– महिलाओं का अपमान करना बन चुकी है कांग्रेस की आदत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऊना के कुटलैहड़ से शुरू किया चुनाव प्रचार अभियान–कांग्रेस के बागियों पर साधा निशाना।

- हिमाचल दिवस का राज्यस्तरीय समारोह 15 अप्रैल को शिमला के रिज मैदान पर–राज्यपाल करेंगे अध्यक्षता।
- सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शिंकुला दर्रा यातायात के लिए बहाल–अब मनाली से सड़क मार्ग से पहुंच सकेंगे लेह।